## संक्षिप्त

### मेले में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**टोंक।** पीपलू उपखंड क्षेत्र के सोहेला, हाडीकला, रानोली, कठमाणा, बगडी आदि पंचायत स्तरीय क्षेत्रों में लोकदेवता तेजाजी महाराज के मेले का आयोजन किया गया। वहीं देवपुरा में स्थित वीर तेजाजी मंदिर में तेजा दशमी को लेकर दो दिवसीय मेले की शुरुआत हुई। मेले का शुभारंभ पर पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण, भाजपा पूर्व मंडल महामंत्री राजेश गौड़, पूर्व क्रय विक्रय सहकारी समिति चौयरमेन छीतरलाल चौधरी, पूर्व सरपंच हनुमान चौधरी ने पूजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर पीपलू कस्बे के श्री चारभुजानाथ मंदिर से जयकारों के साथ रवाना होकर देवुपरा स्थित वीर तेजाजी के दर्शनों के लिए तृतीय बार पैदलयात्रा पहुंची, जहां पदयात्रियों का ग्रामीणों द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। वहीं पैदलयात्रियों ने तेजाजी मंदिर पर पदयात्रा सफलता का निशान चढ़ाते हुए तेजा गायन कार्यक्रम का आनंद लिया।

### तीन मकानों में चोरी

**दूदू ।** पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन भोजपुर गांव में गुरुवार की रात को चोरों के गिरोह द्वारा तीन परिवारों के मकानों की दीवारें तोडी जाने के बाद बक्सों में रखें करीब 16 लाख रुपए के जेवरात व नगद राशि चुराकर ले जाने की वारदात को अंजाम दिया। भोजपुर निवासी नारायण धन्ना लाल मदनलाल गुर्जर ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करा कर अवगत कराया की। गुरुवार की रात को परिवार जन घरों के चौक में सो रहे थे के दौरान गिरोह द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया घटना की सूचना दूंदू थाने में दी गई मौके पर पुलिस ने पहुंच कर घटना की जानकारी लेकर उच्च अधिकारियों को को अवगत कराया गया उप पुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल एवं थाना निरीक्षक इंद्रप्रकाश यादव ने टीमें गठित कर आरोपीयों की तलाश शुरू कर दी है।

### बालिकाओं ने जीते 4 स्वर्ण पदक

**टोंक।** अलीगढ पीएम बालिका विद्यालय की बालिकाओं ने जिलास्तरीय 68 वीं जुडो ध्कराटे प्रतियोगिता में चौदह पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम पुरे जिले में रोशन किया हैं. विद्यालय की वरिष्ठ शारीरिक शिक्षिका और कराटे कोच रीना पहाड़िया ने जानकारी देते हुए बताया की 68 वी जिलास्तरीय जुडो ध्कराटे प्रतियोगिता में विद्यालय की 14 बालिकाओं ने भाग लिया जिसमे कठिन प्रतिस्पर्धा करते हुए चार बालिकाओं ने गोल्ड 3 ने सिल्वर और सात ने कास्य पदक प्राप्त किया हैं. इसके अतिरिक्त 19 बर्ष वर्ग जुडो में सबसे अधिक पदक प्राप्त कर जिला चौम्पीयनशिप पर भी कब्जा किया हैं। विद्यालय की स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली चार छात्राओं शेम्पू , सलोनी, प्रियंका, मीना और मनचेता का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।

### वीर तेजाजी पर्व मनाया

**दूदू ।** जिला मुख्यालय एवं आसपास से गांवों में वीर तेजा दशमी का पर्व विभिन्न धामों पर पूजा अर्चना की जाकर धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर भक्त जनों द्वारा खीर दूध पुरे और में का भोग लगाया जाकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई जिला मुख्यालय गांव में जगह-जगह ढोल बाजे के साथ तेजाजी की बिंदोरी निकाली गई जिला मुख्यालय पर तालाब की पाल पर स्थित तेजाजी महाराज के यहां विशाल मेले का आयोजन किया गया बिंदोरी के दौरान लाठी प्रदर्शन एवं करतब दिखाए गए।

# अधिकारी ने गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक व कीटनाशक उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये

**मालपुरा** (निस) रबी की फसलो की बुवाई से पूर्व किसानों को उच्च गुणवत्ता युक्त खाद-बीज उपलब्ध करवाने को लेकर कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रहे गुण नियंत्रण अभियान के तहत शुक्रवार को कृषि अधिकारी कजोड मल गुर्जर ने खाद-बीज विक्रेताओं की दुकान व गोदाम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

■ 'कीटनाशक की खरीद के पश्चात पक्का बिल अवश्य लें'

कृषि विभाग की टीम ने खाद-बीज की दुकानों का निरीक्षण किया ।

कृषि विभाग संयुक्त निदेशक विरेन्द्र सिंह सोलंकी के निर्देशानुसार कृषि अधिकारी गुर्जर ने दुकानदारों को गुणवत्तापूर्ण बीज,उर्वरक व कीटनाशक किसानों को उपलब्ध करवाने व पक्का बिल देने के निर्देश दिये। साथ ही विभागीय नियमो की अवहेलना कर अनियमित्ता करते पाये जाने पर कार्यवाही की चेतावनी दी। गुर्जर ने किसान भाईयो से अपील करते हुये कहा कि बीज, उर्वरक व कीटनाशक की खरीद के पश्चात पक्का बिल अवश्य ले। ताकि गुणवत्ता की शिकायत मिलने पर सम्बन्धित व्यापारी के विरूद्ध प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट के आधार पर कीटनाशक अधिनियम, उर्वरक नियंत्रण आदेश व बीज नियंत्रण आदेश के तहत कार्यवाही की जा सके। कृषि अधिकारी गुर्जर के साथ सहायक कृषि अधिकारी जगदीश शर्मा, शिवपाल त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

## मादक पदार्थ सहित आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निर्देशन में वृताधिकारी टोंक राजेश विधार्थी व थानाधिकारी मेहन्दवास द्वारा गठित टीम ने अवैध मादक पदार्थ परिवहन करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मेहन्दवास सुरेश कुमार ने बताया कि मेहन्दवास थाना क्षेत्र में 11 सितम्बर की रात्रि को पीर बाबा व नर्सरी के पास ग्राम लाम्बा से अवैध मादक पदार्थ डोडा चुरा जो 1.526 किलोग्राम तथा 255 ग्राम अफीम के साथ आरोपी सत्यनारायण उर्फ पप्पू प्रहलाद साहू जाति तैली 50 साल निवासी बावडी थाना मेहन्दवास को अवैध मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार किया। जिसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

इसी प्रकार निवाई थाना क्षेत्र में अवैध बजरी प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी छुट्टन लाल पुत्र रामकिशन जाति मीणा उम्र 48 साल निवासी आमली की ढाणी वाटिका थाना सांगानेर जिला जयपुर को गिरफ्तार किया गया। निवाई थानाधिकारी हरिमन ने बताया कि आरोपी छुट्टन एमएमडीआर एक्ट में 3 साल से वांछित है ।

## सार-समाचार

### सुगंध दशमी पर महके जिनालय

**टोंक।** पीपलू कस्बे के चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में शुक्रवार को उत्तम संयम धर्म की पूजा अर्चना की गई। भगवान का शांतिधारा के साथ अभिषेक किया गया। वहीं दोपहर बाद सुगंध दशमी का पर्व मनाया गया। जिस दौरान जैन समाजबंधुओं ने पूजा अर्चना के बाद एक साथ धूप का खेवन किया। जिससे वातावरण सुगंधमय हो गया। सुगंध दशमी पर महिलाओं ने उपवास किए। सुगंध दशमी व्रत कथा सुनी। वहीं गुरुवार रात्रि को महाआरती का सौभाग्य ओमप्रकाश, पारमल, विनोद, अतुल, मोहित जैन परिवार को मिला। साथ ही रात्रि में नाटक का मंचन हुआ। इसी तरह बगड़ी जिनालय में उत्तम संयम धर्म की पूजा की गई। महाआरती का सौभाग्य छीतरमल, ओमप्रकाश को मिला। गुरुवार रात्रि को बालिका व महिला मंडल ने 'सास-बहू' हास्य नाटिका का मंचन किया। अंत में प्रतियोगिता विजेता रिंकी जैन को चांदी का सिक्का देकर सम्मानित किया।

### सांभर में बाबा रामदेव की जयंती मनाई

**सांभरझील,** (निसं)। रामदेव मंदिर पुराना किला में रामदेव जयंती बडी धूमधाम से मनाई गई। संयोजक अरविन्द महरडा ने बताया कि जयन्ती की पूर्व संध्या पर बाबा का भव्य श्रृंगार कर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया और आज नारी शक्ति सम्मान व बालिका शिक्षा सम्मान समारोह में 50 बालिकाओं का सम्मान किया गया। उसके बाद नगर के प्रमुख मार्गों होते हुए बाबा की शोभायात्रा निकाली गई।। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी चान्दमल काला, विशिष्ट अतिथि पोखर मल बामणिया, जग्गाराम वर्मा, प्रेमचंद मेहरडा, शांति लाल, धर्मेन्द्र गौड़, एम.के वर्मा, रामेश्वर लाल महरडा, हेमकांत चुंडावत, विनोद दुलारिया, गणेश वर्मा, रामचंद्र भुकल, मोहनलाल, भंवरलाल इन्दोलिया, दूर्गालाल रहे। अध्यक्षता निरंजन लाल सूत्रकार ने की। इस अवसर पर रामचंद्र देवन्दा, बन्शीलाल, रामगोपाल, रामकरण, अर्जुन लाल, राजेंद्र तंवर, लालचंद, देवेन्द्र देवन्दा, धर्मेन्द्र बामणिया, हेमंत पिपरालिया, नरेन्द्र इन्दोलिया, मनमोहन, चन्द्र प्रकाश, विष्णु दत्त, गोपीराम, आशीष, पुखराज, राकेश, पूनम, बालकिशन, विरेन्द्र, बाबुलाल, प्रदीप,हरवंश, किशन, श्याम लाल, मुकेश, मीतेश, अजय, डालचंद, विशाल, दिनेश, सुरेश, प्रभु दयाल,मनीष, जितेन्द्र, शिवनारायण, अभिषेक,आकाश, महेंद्र, सोहनपाल, कुशाल, युवराज, रमेश, विजय,पवन कुनाल,कोशल,हंसराज, कमलेश सहित नवयुवक मंडल के कार्यकर्ताओं व मातृशक्ति भी उपस्थित रहीं।

### शहादत दिवस मनाया

**श्रीमाधोपुर ।** अजीतगढ की ढाणी जोधाकावाली में शहीद आईटीबीपी जवान रामनिवास मीणा का 31 वां शहादत समारोह कल्याणपुरा सरपंच पवन कुमार सांई की अध्यक्षता एवं रिटायर्ड कमांडेट आर एस मीणा के आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि शहीद देश की धरोहर होते है, ऐसे में शहीदों के बलिदान की स्मृतियों को संजोएं रखने का दायित्व प्रत्येक भारतीय का है। इससे पूर्व ग्रामीणों ने शहीद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करके श्रृद्धांजलि दी व राष्ट्र ध्वज फहराकर राष्ट्रगान गाया। इस मौके पर सीटीसी अलवर आईटीबीपी से एएसआई राधेश्याम मीना, भगवत राम, वार्ड पंच श्रवण कुमार, रामजीलाल मीणा, सुंडा राम मीना, कालुराम गुर्जर, रामसिंह शेखावत, शिक्षिका ममता, एसबीआई प्रबंधक कल्याण चंद मीणा समेत अनेक गणमान्य लोग स्कूली विद्यार्थी, स्टाफ मौजूद थे। समारोह में सरपंच पवन सांई ने कहा कि जल्द ही शहीद में नाम स्कूल का नामकरण और सडक निर्माण का कार्य किया जायेगा।

### एसपी अलवर को नोटिस

**अलवर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने पुलिस के खिलाफ प्रो.रमेश बैरवा की शिकायत पर संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक अलवर को नोटिस भेजा है जिसमें 15 दिवस में कार्यवाही रिपोर्ट पेश करने के लिए आदेशित किया गया है। प्रो.रमेश बैरवा की शिकायत पर सरकारी स्कूल शिक्षिका वसुंधरा दहिया एवं इनके पति अलवर कला कॉलेज प्राचार्य अशोक आर्य के खिलाफ शिवाजी पार्क पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज नहीं कर आरोपियों को बचाने की शिकायत अनुसूचित जाति आयोग,महिला आयोग,मानव अधिकार आयोग,मुख्यमंत्री,शिक्षा मंत्री, पुलिस महानिदेशक एवं अन्य उच्च स्तर पर की थी। शिकायत में उल्लेख है कि आरोपियों द्वारा एक महिला और इनके खिलाफ अश्लील,घोर आपत्तिजनक शब्दों से गाली गलोंच,धमकी के आपराधिक कृत्य से व्यथित होकर दिनांक 13.08.2024 को रात्रि करीब 9 बजे प्रो.रमेश बैरवा अपनी पत्नी जो किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य रह चुकी है के साथ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कडड़े कानूनी कार्यवाही हेतु अलवर के शिवाजी पार्क थाना गए थे। इन्होंने लिखित शिकायत थाने में दी,लेकिन प्राप्ति नहीं दी। करीब 2 घंटे तक रात्रि में इन्हें थाने में बिठाए रखा। मुकदमा दर्ज नहीं किया,आश्वासन देकर टरका दिया।

## सड़क पर ओवरलोड होकर दौड़ रहे वाहन

**पावटा।** पुलिस प्रशासन व परिवहन विभाग की अनदेखी के कारण ओवरलोड ट्रक, डंपर, ट्रैक्टर ट्रॉली आदि वाहन सडक पर सरपट दौडते हुए दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे हैं। वही पुलिस प्रशासन एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने से वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं। जानकारी के अनुसार रोजाना सैकडों ट्रक, डंपर व ट्रैक्टर ट्रॉलियां क्षमता से अधिक मात्रा में माल भरे ओवरलोड वाहनों के चलने से सडकों पर गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में भारी वाहनों के फंस जाने से कई घंटों तक जाम लग जाता हैं। वही आए दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। लेकिन विभाग इन ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा हैं। वही हाईवे हो या शहर के अंदर के मार्ग सभी जगह सडक के किनारे बेतरतीब खडे वाहनों को देखा जा सकता है। ये वाहन आए दिन सडक हादसों का कारण भी बनते हैं। क्षेत्र में साल दर साल मार्ग दुर्घटनाओं में मौतों का आकडा बढता जा रहा है। कहीं तेज रतार मौत का कारण बन रही हैं तो कही सडक किनारे खडे वाहन, लेकिन जिमेदार इस ओर ध्यान नहीं देते हैं और कागजी कार्रवाई कर सिर्फ खानापूर्ति कर देते हैं। क्षेत्र में देखा जाए तो हर मार्ग के फुटपाथ पर वाहन खडे देखे जा सकते हैं। पुलिस प्रशासन व परिवहन विभाग की अनदेखी के कारण ओवरलोड ट्रक, डंपर, ट्रैक्टर ट्रॉली आदि वाहन सडक पर सरपट दौडते हुए दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे हैं। वही पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने से वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं। वहीं जिला पुलिस अधीक्षक कोटपूतली बहरोड वंदिता राणा व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला ने बताया कि ओवरलोड वाहनो का रूट बदलने, बडे स्पीड ब्रेकर लगाने व सडक किनारे खडे वाहनों पर कार्यवाही के आश्वासन के बाद भी व्यवस्था ज्यों की त्यों बनी हुई है।

## तेजाजी के मंदिरों में लगे मेले

मालपुरा, (निस) लोक देवता सत्यवादी वीर तेजाजी की जयंती पर शुक्रवार को मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के तेजाजी मंदिरों में मेले का आयोजन किया गया। किसानों के आराध्य देव तेजाजी महाराज की जयंता पर मालपुरा शहर के पुरानी तहसील,गोवला घाट, ट्रक स्टेण्ड, जाजमो की ढाणी, हाथगी,चैनपुरा सहित सभी गांव-ढाणियों में तेजा दशमी का मेला आयोजित कर की गई विशेष पूजा अर्चना। चैनपुरा गांव में तेजाजी के धाम पर आयोजित मेले में लोकवाद्य यंत्रों की धुनो पर किसानों ने व ग्रामीणों ने लोक देवता तेजाजी के भजन सुनाये। मान्यताओं के अनुसार कालूराम शर्मा घोडले के शरीर में जैसे ही तेजाजी महाराज की छाया प्रवेश होने के साथ ही घोडले ने मंदिर में बिछे गुलाब के फुलो पर विराजित प्रतिमा के समक्ष नतमस्तक हो फुलों में प्रकट हुये काले नाग को अपने हाथ में उठा मैले मे मौजूद अपार जनसमुह को नाग के दर्शन करवाये। वाद्य यंत्रों की धुनो पर तकरीबन एक घंटे तक काले नाग ने घोडले के शरीर पर नाना प्रकार की हटखेलियां की। जो मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा।

## जल महोत्सव आज

कोटपूतली। जल प्रबंधन और संरक्षण के प्रति जागरूकता बढाने के लिए राज्य सरकार द्वारा "राजस्थान जल महोत्सव-2024" का आयोजन 14 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय जल महोत्सव कार्यक्रम मॉडल तालाब पीर बाबा के पास गोपालपुरा पर प्रातः 11 बजे हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसी प्रकार यह उत्सव सभी ब्लॉक स्तर पर भी मनाया जाएगा। पावटा की ग्राम पंचायत टस्कोला में अमृत सरोवर चक्रतीर्थ, विराटनगर की ग्राम पंचायत कुहाड़ा में अमृत सरोवर, बानसूर की ग्राम पंचायत बाबरिया में बाबरिया बांध, बहरोड की ग्राम पंचायत रिवाली में पावर हाउस के पास तालाब तथा नीमराना में नीमराना तालाब के पास समारोह का आयोजन किया जाएगा।

जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में विभागीय अधिकारियों को आदेश जारी करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आमजन से अपील करते हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होकर उत्साह के साथ मनाने की अपील की। जिला कलक्टर ने अपील करते हुए कहा कि जल महोत्सव का उद्देश्य जल के महत्व को समाज में उजागर करना और जल संसाधनों के संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित करना है। यह महोत्सव राज्य की जल नीति और प्रबंधन में लोगों की भागीदारी को भी बढ़ावा देगा, साथ ही जल संसाधनों के प्रति जागरूकता फैलाएगा। जिला कलक्टर ने बताया कि 14 सितंबर जलझूलनी एकादशी के दिन जिले के पूर्ण भरे हुए जलाशयों पर ष्राजस्थान जल महोत्सवष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नगरीय विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, भू-जल विभाग के साथ ही सभी विभाग मिलकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। जिसमें जनप्रतिनिधि, पत्रकार, अधिकारी और आमजन मौजूद रहेंगे। इस मानसून सीजन में राजस्थान के 360 बांध ओवरफ्लो हो चुके हैं, जबकि 250 बांध आंशिक रूप से भरे हुए हैं। यह स्थिति राज्य में जल संसाधनों की प्रचुरता को दर्शाती है। इसीलिए सरकार ने इसे उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

# 'सभी को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक रहना चाहिए'

शाहपुरा में पोषण मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मनोहरपुर । महिला बाल विकास विभाग की ओर से गुरुवार को सीडीपीओ भुनेश शर्मा की अध्यक्षता में पंचायत समिति के सभागार भवन में पोषण मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीपीओ शर्मा ने कहा कि सभी को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सही पोषण देश रोशन तभी सार्थक होगा जब हम सब स्वस्थ रहेंगे।

आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई तथा आंगनबाडी में मिलने वाले पोषणहार के अलग-अलग व्यंजन बनाने की जानकारी दी गई। इस दौरान सामुदायिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक शारदा शर्मा, कृष्ण यादव ने आंगनबाडी कार्यकर्ताओं व उपस्थित महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं मात्र पोषण योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शाहपुरा ब्लॉक फर्स्ट व ब्लॉक सैकंड की आंगनबाडी कार्यकर्ता मौजूद रही।

## जल महोत्सव में शामिल होने की अपील

■ 'जल प्रबंधन में लोगों की भागीदारी को भी बढावा दिया जाये'

पावटा । जल प्रबंधन और संरक्षण के प्रति जागरूकता बढाने के लिए राज्य सरकार द्वारा राजस्थान जल महोत्सव-2024 का आयोजन 14 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय व ब्लॉक स्तरीय जल महोत्सव कार्यक्रम मॉडल प्रातः 11 बजे हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसी प्रकार यह उत्सव पावटा ब्लॉक स्तर पर ग्राम पंचायत टसकोला में अमृत सरोवर चक्रतीर्थ, विराटनगर की ग्राम पंचायत कुहाडा में अमृत सरोवर के पास समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने जिला स्तरीय व ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में विभागीय अधिकारियों को आदेश जारी करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आमजन से अपील करते हुए जिला स्तरीय व ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होकर उत्साह के साथ मनाने की अपील की।

जिला कलक्टर ने अपील करते हुए कहा कि जल महोत्सव का उद्देश्य जल के महत्व को समाज में उजागर करना और जल संसाधनों के संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित करना है। यह महोत्सव राज्य की जल नीति और प्रबंधन में लोगों की भागीदारी को भी बढावा देगा, साथ ही जल संसाधनों के प्रति जागरूकता फैलाएगा। जिला कलक्टर ने बताया कि 14 सितंबर जलझूलनी एकादशी के दिन जिले के पूर्ण भरे हुए जलाशयों पर राजस्थान जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नगरीय विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, भू-जल विभाग के साथ ही सभी विभाग मिलकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। जिसमें जनप्रतिनिधि, पत्रकार,अधिकारी और आमजन मौजूद रहेंगे। इस मानसून सीजन में राजस्थान के 36० बांध ओवरलो हो चुके हैं, जबकि 25० बांध आंशिक रूप से भरे हुए हैं। यह स्थिति राज्य में जल संसाधनों की प्रचुरता को दर्शाती है।

## चेयरमैन के पाला बदलने से संकट में राहत

**सांभरझील,** (निसं)। भ्रष्टाचार के मामले में एसीबी के शिकंजे में फंस चुके कांग्रेस के चेयरमैन बालकिशन जांगिड के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति जारी होने से पहले ही बडा राजनीतिक गेम खेलते हुए उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। सांभर लोकल स्तर पर प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड से कुछ लोगों की सन्निकटता बालकिशन जांगिड अध्यक्ष के लिए संजीवनी का काम कर गई, बताया जा रहा है कि उनके खिलाफ बडा एक्शन ना हो इसके लिए उन्हें बचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के उच्च स्तरीय पदासीन लोगों की मौजूदगी में उन्हें भारतीय जनता पार्टी की नवीन सदस्यता ग्रहण कराई बल्कि उन्हें कानूनी रूप से भय मुक्त होने का भी आशीर्वाद मिल गया।

आश्चर्यजनक घटनाक्रम के अनुरूप जो रोचक बात सामने निकल कर आई वह प्रमुख रूप से यह रही कि फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से हैट्रिक विधायक रहे निर्मल कुमावत तक को भी इसकी भनक नहीं लग सकी, लोकल स्तर पर भी जिम्मेदार लोगों को भी उनके भाजपा में जॉइनिंग की जानकारी से दूर रखा गया। सोशल मीडिया के जरिए जब पूर्व विधायक निर्मल कुमावत व लोकल नेताओं को मालूम हुआ तो वह सकते में आ गए और समझ नहीं पाए कि यह कौन सी रणनीति कैसे और किसने चलाई। भ्रष्टाचार के मामले में करीब 2 महीने से अधिक समय तक जेल में रह चुके बालकिशन जांगिड के बैकग्राउंड की जानकारी ना तो मदन राठौड को उन लोगों ने बताई जिन्होंने उनकी जॉइनिंग कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। इधर इंडियन नेशनल कांग्रेस पूरी तरह से खुश है की चलो कांग्रेस पर से भ्रष्टाचार का लगा दाग अप्रत्यक्ष रूप से दूर हो गया और भाजपा अपने हिसाब से उन्हें क्लीन चिट दे अथवा गले लगाए अब वह पूरी तरह से इस मामले से अपने आप को भी बचा रहे हैं। खुले तौर पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने की घटना के बाद भारतीय जनता पार्टी में आना लोकल नेताओं के गले की फांस बन चुका है। इसका विरोध करने के लिए पूर्व विधायक निर्मल कुमावत के निर्देश पर भाजपा पदाधिकारियों का एक शिस्टमंडल अलग से जयपुर गया। और प्रदेश अध्यक्ष को इसकी जानकारी से अवगत कराया और बताया कि इससे भाजपा की छवि खराब होगी।

भाजपा पदाधिकारी को जब अवगत करवाया गया तो वह भी आश्चर्यचकित हो गए अब उनके भी समझ में नहीं आ रहा कि अब उन्हें भाजपा से बाहर का रास्ता वापस कैसे दिखाएं। बता दे की लंबे समय से कांठोस बोर्ड में भ्रष्टाचार का खेल चल रहा था और कांग्रेस के विधायक खुद भी उनके भ्रष्टाचार पर भी चुप्पी साधे हुए थे और न ही किसी लोकल स्तर पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने भी कभी कोई आवाज उठाई थी। अब देखना यह है कि क्या बीजेपी यहां के अध्यक्ष को वापस पार्टी से बाहर निकालेगी अथवा नया कोई घटनाक्रम होने तक इसका इंतजार करेगी। फिलहाल चर्चाओं का बाजार जबरदस्त गरम है और राजनीतिक गलियारों में भी फुसफुसाहट बढी हुई है।

## पावटा में युवा मोर्चा संयोजक मनोनीत

**पावटा।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड, सदस्यता प्रदेश संयोजक अरुण चतुर्वेदी, जिला संयोजक सदस्यता जयपुर (उत्तर) एवं विधायक महेंद्र पाल मीणा, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची, जयपुर जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड की सहमति से विधानसभा संयोजक रोहिताश ताखर ने विधानसभा मे मंडलवार संयोजक व सह संयोजक व युवा मोर्चा संयोजक व सह संयोजक मनोनीत करते हुए विराटनगर शहर मे संयोजक दीपेश चौबे, सह संयोजक शिवराम गुर्जर, हेमराज सैनी, विराटनगर प्रागपुरा मंडल मे संयोजक ललित गोयल, सह संयोजक विकास सिंह कैरोडी, शंकर बाज्या, विराटनगर पावटा मंडल मे संयोजक भागीरथ यादव, सह संयोजक खेम सिंह, विराटनगर त्रिवेणी मंडल मे संयोजक जयसिंह पारिक, सह संयोजक राकेश सैनी, मुकेश प्रजापत, विराटनगर बाण गंगा मंडल मे संयोजक पूरणमल पारिक, सह संयोजक विक्रम यादव, कृष्ण चौधरी को मनोनीत किया है।

वही युवा मोर्चा विराटनगर शहर मे संयोजक रुपेन्द्र शर्मा, सह संयोजक रतन शर्मा, भैरूराम गुर्जर, विराटनगर प्रागपुरा मंडल मे संयोजक विकास कैरोडी, सह संयोजक शेर सिंह, सुभाष कुमावत, विराटनगर पावटा मंडल मे संयोजक वीरेंद्र राठी, सह संयोजक कृष्ण, महिपाल यादव, विराटनगर त्रिवेणी मंडल मे संयोजक सुरेंद्र चौधरी , सह संयोजक इंद्राज कसाना, बलराम सैनी, विराटनगर बाण गंगा मंडल मे संयोजक सत्यनारायण शर्मा, सह संयोजक ओमप्रकाश यादव, रामनिवास मीणा को नियुक्त किया गया। उक्त नियुक्ति पर संयोजको व सह संयोजको ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। वही संयोजक व सह संयोजक मनोनीत होने पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने टीम को बधाई दी।

# 251 प्रतिभावान विद्यार्थियों व कार्मिकों को किया सम्मानित

**कोटपूतली ।** गुर्जर अधिकारी-कर्मचारी महासंघ एवं गुर्जर कर्मचारी समिति कोटपूतली के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को कस्बा स्थित वीर गुर्जर छात्रावास में कोटपूतली विधानसभा के गुर्जर समाज के छात्र-छात्राओं व राजकीय कार्मिकों का 24 वाँ प्रतिभा सम्मान समारोह धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत विधायक हंसराज पटेल ने बतौर मुख्य अतिथि माँ सरस्वती, भारत रत्न लोह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल, गुर्जर आरक्षण के प्रणेता स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला व पूर्व केन्द्रिय मंत्री स्व. राजेश पायलट के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन व पुष्प अर्पित करके की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पटेल ने कहा कि गुर्जर समाज की प्रतिभायें निरन्तर आगे बढकर राजकीय सेवाओं में अपना स्थान बना रही है। आज समाज के बेटे-बेटियां शिक्षा, खेल, व्यवसाय किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। जरूरत केवल इन्हें उचित मार्गदर्शन व प्रोत्साहन की है। उन्होंने आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि माता-पिता को अब बेटा-बेटी को एक समान समझना चाहिये। विशेष तौर पर बालिका शिक्षा पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। क्योंकि बेटियां पढ़-लिखकर उच्च पदों पर पहुंचेगी तभी सही मायनों में समाज प्रगति करेगा। यहीं कर्नल बैंसला समेत हमारे महापुरूषों का ध्येय भी रहा है। उन्होंने सभी प्रतिभाओं को आने वाले जीवन की शुभकामनायें देते हुये शिक्षा के प्रति और भी जागरूक होने का आह्वान किया। विधायक पटेल ने यह भी कहा कि भजन लाल सरकार बालिका शिक्षा को बढ़ाने का हरसम्भव प्रयास कर रही है। जिसका लाभ भी समाज की बेटियों को मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये पूर्व विधायक रामचन्द्र रावत ने कहा कि वर्तमान युग प्रतिस्पर्धा का है। इसलिये हमें कड़ी मेहनत व लक्ष्य निर्धारित कर प्रयास करने होगें। विशिष्ठ अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, पूर्व सरपंच जयराम सिंह गुर्जर, लक्ष्मण सिंह रावत, जिला पार्षद मन्जू रावत, पूर्व पंसस राजेन्द्र रावत ने भी विचार व्यक्त किये।

कोटपूतली में गुर्जर प्रतिभाओं को विधायक हंसराज पटेल ने सम्मानित किया ।

■ गुर्जर अधिकारी-कर्मचारी महासंघ के तत्वाधान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन